हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्र सरकार और किसानों के बीच आज शाम चंडीगढ़ में नए दौर की वार्ता होगी, जिसमें किसानों की विभिन्न मांगों पर चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिव राज चौहान करेंगे। इससे पहले केंद्रीय मंत्री कुरुक्षेत्र जाएंगे और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ गुरुकुल भूमि में प्राकृतिक कृषि फार्म का अवलोकन करेंगे। इसके बाद हरियाणा नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में संयुक्त सचिव पूर्ण चंद्र किशन ने बैठक के संबंध में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर के नाम एक पत्र भेजा है। 19 फरवरी को लिखे गए पत्र में कहा गया है, “यह वार्ता, संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेताओं के साथ 14 फरवरी को चंडीगढ़ में हुई पिछली बैठक का ही एक हिस्सा है।"

*****************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिन में 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 119वीं कड़ी होगी।आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और मोबाइल ऐप न्यूज़ ऑन ए.आई.आर पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी प्रसारित किया जाएगा।

***********************************************************************

हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि नगर निगम पानीपत के लिए  27 फरवरी तक सभी कार्य दिवसों में नामांकन भरे जाएंगे लेकिन 23 फ़रवरी को रविवार एवं 26 फ़रवरी को महाशिवरात्रि के राजपत्रित अवकाश होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी।उसके बाद जो उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेना चाहे वे पहली मार्च को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक अपने नाम वापिस ले सकता हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। मतदान 9 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। 12 मार्च को सुबह 8 बजे मतगणना शुरू होगी और इसी दिन चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

****************************************************************
***********

नगर निकाय चुनावो के मद्देनजर कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने शस्त्र लाइसैंस धारकों को अपने हथियार बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाने याप्राधिकृत शस्त्र डीलर के पास जमा करवाने को कहा है।  उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य शांतिपूर्ण  निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करवाना है। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने लाइसैंसी शस्त्रजमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

****************************************************************
***********

हरियाणा के 4 जिलों भिवानी, फतेहाबाद, करनाल और यमुनानगर में लगभग 54 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से 886 किलोमीटर लम्बी  373 सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसके लिए प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार ने बताया कि भिवानी जिले  में 11 करनाल जिले में 14 और और यमुनानगर जिले में 6 सड़कों की विशेष मुरम्मत की जाएगी। इसके अलावा, भिवानी में 94 , फतेहाबाद जिले में 109 और यमुनानगर में 112 सड़कों की मरम्मत की जाएगी।

***************************************************************
*********

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक की वार्षिक परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होगी।सभी पात्र परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक बोर्ड की वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं।बोर्ड सचिव अजय चोपड़ा ने बताया कि जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र के विवरणों में शुद्धि करवाई जानी है तथा जिन विद्यालयों या परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक किसी कारणवश रोके गये हैं, ऐसे परीक्षार्थी या विद्यालय मुखिया कल व 26 फरवरी को अवकाश के दिन भी बोर्ड में संबंधित शाखा को संपर्क कर सकते हैं।

***************************************************************
********

चेन्नई के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 17 से 20 फरवरी तक हुई 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 में भिवानी के विद्या नगर निवासी डा. रमेश श्योराण की पुत्री मुस्कान श्योराण ने गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। उसके कोच मदन ने बताया कि मुस्कान श्योराण ने 4.92 मीटर गोला फेंककर यह पदक जीता। मुस्कान ने अपनी प्रतिद्वंदी को 1.2 मीटर के अंतर से मात दी।

***************************************************************
***********

पंचकूला पुलिस आयुक्त  राकेश कुमार आर्य के निर्देशानुसार अब जिले के दो से अधिक बार यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य आदतन नियम तोड़ने वालों को सबक सिखाना और शहर में सड़क सुरक्षा को मजबूत करना है।इसके अलावा, पुलिस ने आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक चालान के भुगतान की प्रक्रिया को भी सरल बनाया। अब प्रत्येक पुलिस थाना, तहसील और मिनी सचिवालय में क्यूआर कोड लगाए जाएंगे, जिससे लोग आसानी

से अपने ट्रैफिक चालान का भुगतान कर सकेंगे। साथ ही, आधिकारिक वेबसाइट https://echallan.parivahan.gov.in/ के माध्यम से भी चालान भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।